प्रादेशिक समाचार

21.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू, सरकार ने आज हुई सर्वदलीय बैठक में संसद के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों से मांगा सहयोग।

2. भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासियों की उपेक्षा करने का लगाया आरोप।

3. देवघर में आज श्रावणी मेले का हुआ उद्घाटन, आने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

4. रांची सहित राज्य के अलग–अलग क्षेत्रों में छिटपुट बारिश का सिलसिला जारी, कल से कई जिलों में अच्छी बारिश का अनुमान।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से थोड़ी देर में नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी गणमान्य अतिथियों को संबोधित भी करेंगे। भारत पहली बार इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। विश्व धरोहर समिति की बैठक वर्ष में एक बार होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत के विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेंजबानी करना हर्ष का विषय है।

****

संसद के बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सरकार की ओर से एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की। केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, AIMIM के असदुद्दीन औवेसी सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए।

****

भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी आज रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में आयोजित आदिवासी जमीन बचाओ अभियान के धरना कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के नाम पर राजनीति कर चुनाव जीती है, लेकिन उनके हितों की ओर ध्यान नहीं देती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार के उदासीन रवैये के कारण आदिवासी खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं।

****

राष्ट्रीय जनता दल राज्य में विधानसभा की तैयारी में जुट गया है। प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को हर बूथ दस यूथ के संकल्प के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।

****

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। सूत्रों के अनुसार, ये दोनों आरोपी 5 मई को आयोजित परीक्षा के दिन झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे।

****

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशन में मंडल कारा, साहेबगंज में आज जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बंदियों को कानून की जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया। इस अवसर पर आज वान उडेन मुक बधिर विद्यालय, साहेबगंज में दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष अभियान की शुरूआत की गई। इधर उपकारा खूंटी में भी लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

****

झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने धनबाद जिले में सभी प्रशासनिक विभागों को नशा मुक्ति के लिए मेगा कैंप लगाने का निर्देश दिया है।

****

सावन का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है और इसकी पहली सोमवारी कल है। देवघर में आज राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्थानीय विधायक नारायण दास के साथ संयुक्त रूप से राजकीय श्रावणी मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से श्रावणी मेले में आने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।
उधर, दुमका जिले के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव का भी आज पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उदघाटन किया। मंत्री ठाकुर ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं मेला क्षेत्र में की गयी है। जरमुंडी विधायक बादल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह से तत्पर हैं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा स्थित महादेवशाल धाम में आज सांसद जोबा मांझी ने श्रावणी मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की। मौके पर सांसद जोबा मांझी ने कहा कि श्रावणी मेले में यहां सभी आयोजन शांतिपूर्वक हो इसकी व्यवस्था होनी चाहिए।

****

झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने धनबाद के सांसद की ओर से बोकारो पुलिस अधीक्षक के खिलाफ पिछले दिन दिए गए कथित बयान की कड़ी निंदा की है।

****

रांची सहित राज्य के अलग–अलग जिलों में छिटपुट बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार कल और परसों कोल्हान और मध्य हिस्से में कई स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान चाईबासा, जमशेदपुर, सरायकेला–खरसावां, खूंटी और रांची के अलावा रामगढ़ के कुछ हिस्सों में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। जबकि 23 जुलाई को लातेहार, गुमला और लोहरदगा में भी कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

*******समाप्त*******